## एक नजर में

### छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**ब्यावरा 19 जुलाई, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरुकता अभियान के तहत यह आयोजन किया गया. छात्रों को निजी एवं सामाजिक जीवन में फैल रहे विभिन्न तरह के नशो के बारे में जानकारी देते हुए उनके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला. छात्रों को मोबाईल और ऑन लाइन गेमिंग की लत से बचने और दूर रहने की सलाह दी गई. इस अवसर पर संस्था प्राचार्य, स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे.

### अच्छी बरसात को लेकर धार्मिक अनुष्ठान

**पड़ाना 19 जुलाई, सं.** नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ मगराना आशारेटा करौंदी टीकोद रामपुरियाखेड़ा इटावा निशाना बरुखेड़ी साधनखेड़ी अखियांखेड़ी मल्हारगंज डिंगलपुर शेरपुर गुलाब्ता तुकोगंज इत्यादि ग्रामीण अंचलों में पर्याप्त बारिश न होने के कारण चिंतित किसान परिवार अब तरह-तरह के धार्मिक कर्म सहित कई प्रकार के धार्मिक आयोजन कर रहे हैं. कोई बारिश के लिए पैदल यात्रा तो कोई रूठे इंद्र मनाने के लिए पूजा पाठ तो कहीं महिलाएं श्रावण मास में भोले को रिझाने के लिए भजन कीर्तन कर रही है. इसी के चलते उमा संगीत मंडली की महिलाओं द्वारा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ को रिंझाने के लिए क्षेत्र में अच्छी बारिश एवं सुख समृद्धि की कामना के साथ भक्ति भाव से भजन कीर्तन कर रही है.

### 8 सालों से कर रहीं पैदलयात्रा

**पड़ाना 19 जुलाई, सं.** मां के प्रति भक्ति ऐसी की विगत 8 वर्ष से प्रतिवर्ष के श्रावण मास के चलते शाजापुर जिले के मगोद गांव से धार्मिक श्रद्धालु महिलाओं का एक जत्था राजगढ़ जिले की प्रसिद्ध भेसवा माता मंदिर के लिए 60 किलोमीटर पैदल आई. वही समीप ग्राम मंगलाज प्रथम पड़ाव के बाद शनिवार पड़ाना पहुंची जहां धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा भेसवा माता जा रही महिला एवं बच्चियों को चाय नाश्ता व शल्पआहार कराया. जहां पैदल जा रही महिलाओं से चर्चा में बताया कि विगत 8 वर्ष से श्रावन महीने में भेसवा माता के यहां पहुंच कर माता रानी को सुहागिन सामग्री चुनर फूल फल प्रसाद इत्यादि अर्पित कर हमारे गांव एवं घर परिवार में सुख समृद्धि एवं सुखी निरोगी काया की कामना करते हुए रात्रि जागरण करती है. इसलिए घर से खाने पीने इत्यादि सामग्री सहित माता जी के दरबार में आती है.

### जन स्वास्थ्य रक्षकों ने ज्ञापन सौंपा

**सारंगपुर 19 जुलाई, सं.** मध्यप्रदेश जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन सारंगपुर जिला राजगढ़ के जन स्वास्थ्य रक्षको के प्रतिनिधि मंडल ने ब्लाक अध्यक्ष नारायण सिंह नागर के साथ शक्तिपीठ भैंसवा माता मंदिर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में पधारे मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बी एल प्रजापति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा. जन स्वास्थ्य रक्षको ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम सौंपे गए ज्ञापन का वाचन कर श्री टेटवाल को जन स्वास्थ्य रक्षको की मांग को बताया. जिसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षाकर्मी, पंचायत कर्मी, जन स्वास्थ्य रक्षक योजना शासन द्वारा एक साथ शुरू की गई थी.

# हादसे के बाद एमपीआरडीसी ने हटाए स्पीड ब्रेकर

## दुर्घटना के बाद चेता विभाग, राजगढ़ हाईवे स्थित खुरी, बामलाबे जोड, किशनगढ़ घाटी से हटाए ब्रेकर

**स्पीड ब्रेकर के यहां एक यात्री बस को पीछे से आ रहे कंटेनर ने जोर की टक्कर मार दी थी जिससे बस चालक का प्राणांत हो गया था**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/राजगढ़ 19 जुलाई, का. विगत दिवस बामलाबे जोड स्थित स्पीड ब्रेकर के यहां एक यात्री बस को पीछे से आ रहे कंटेनर ने जोर की टक्कर मार दी थी जिससे बस चालक का प्राणांत हो गया था एवं कई यात्री घायल हो गये. इसके बाद एमपीआरडीसी द्वारा ब्यावरा से राजगढ़ के बीच हाईव पर मौजूद स्पीड ब्रेकरों को हटाने का निर्णय लिया. शनिवार को कई स्पीड ब्रेकर हटाए गये किंतु पीपल बे आश्रम स्थित स्पीड ब्रेकर को नहीं हटाया गया.**

जानकारी के अनुसार एनएचएआई के द्वारा खुरी के यहां, बामलाबे जोड, राजगढ़ किशनगढ़ घाटी स्थित बड़े पुल के समीप स्पीड ब्रेकर जेसीबी के द्वारा हटा दिए गये.

### ब्यावरा नगर में भी अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर

नगर के मुख्य मार्गो पर भी वाहनों की गति लिमिट में करने स्पीड ब्रेकर तो बना दिए गये किंतु इन पर थर्मोप्लास्टिक पेंट या किसी अन्य प्रकार से संकेतक नहीं होने से यह नजर नहीं आते है. वाहन चालक भ्रमित होकर इन स्पीड ब्रेकर पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है. नगर के राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज के दोनों गेट के सामने, श्रीराधाकृष्ण मंदिर के समीप, सब्जी मंडी के यहां, सुठालिया रोड, पुराना तहसील रोड जूना ब्यावरा सहित मुख्य मार्गो पर वाहनों की गति को धीमा करने स्पीड ब्रेकर तो बना दिए लेकिन इन पर थर्मोप्लास्टिक पेंट नहीं करने से डामर कलर के ही ब्रेकर होने से यह नजर नहीं आते है. कई वाहन चालको को समीप आने पर जैसे ही ब्रेकर नजर आते है और ब्रेक लगाते है तो इससे दुर्घटना का डर बना रहता है.

### स्कूल प्रबंधन ने की थी मांग

जानकारी के अनुसार शासकीय हाईस्कूल पीपलबे द्वारा 26 नवम्बर 2024 को कलेक्टर को पत्र लिखकर विद्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की थी. पत्र में कहा था कि स्कूल में आसपास गांवों के बच्चे पढ़ने आते है. यह मुख्य मार्ग से होकर आना-जाना होता है. हाईवे पर वाहनों की गति अत्यधिक होने से आये दिन सड़क दुर्घनाएं होती रहती है. इसको देखते हुए स्पीड ब्रेकर निर्माण करने की मांग की थी. जिसके बाद यहां स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया गया.

### खाद खरीदने के लिए कीचड़ से होकर जाना होगा

**पड़ाना 19 जुलाई, सं.** कृषि विपणन केंद्र मऊ वेयरहाउस पहुंच मार्ग बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है इस रास्ते से वेयरहाउस में खाद बीज एवं गेहूं चावल राशन सामग्री इत्यादि के लिए छोटे-मोटे वाहनों सहित गरीबों को मिलने वाला राशन वाले उपभोक्ता का एवं किसान परिवार व कॉलोनी के लोगों का आना जाना रहता है लेकिन इस मार्ग की दुर्दशा नजदीक में ही करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा संदीपन सीएम राइज स्कूल निर्माण के लिए मुरम रेत सीमेंट बालू इत्यादि मटेरियल के लिए इसी मार्ग का उपयोग किया गया जिससे कृषि विपणन केंद्र मऊ का वेयरहाउस पहुंच मार्ग की हालत दयनिय बन गई जिसे निर्माणधीन सीएम राइज स्कूल ठेकेदार ने अभी तक वेयरहाउस पहुंच मार्ग को दूरस्थ नहीं कराया. इस मामले में कृषि विपणन केंद्र मऊ के पवन पुष्पद ने स्कूल ठेकेदार को भी मार्ग की बिगड़ी हालत को दुरुस्त करने के लिए अवगत कराया लेकिन अभी तक बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है.



### अत्यधिक आवाजाही के कारण नहीं हटाया ब्रेकर

राजगढ़ रोड पर पीपलबे आश्रम के यहां स्थित स्पीड ब्रेकर को नहीं हटाया गया. एनएचएआई के अनुसार यहां पर कई जगहों से आने वाले मार्ग मिलते है. स्कूल में कई गांवों से बच्चे पढ़ने आते है. ऐसे में अत्यधिक आवाजाही के चलते यहां का स्पीड ब्रेकर नहीं हटाया गया. उधर यह भी चर्चा में है कि पीपलबे आश्रम पर स्थित स्पीड ब्रेकर को प्रतिकार होने पर नहीं हटाने का निर्णय लिया गया.

### सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां

**ब्यावरा 19 जुलाई, का.** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के ब्यावरा में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी शुरु हो गई है. शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम के सभा कार्यक्रम हेतु स्थल का निरीक्षण किया. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार वह 25 जुलाई को नगर में आ सकते है. संभवत: मुख्यमंत्री द्वारा मोहनपुरा पेयजल परियोजना का भूमिपूजन किया जाएगा. यह योजना नगर के पेयजल के मान से काफी उपयुक्त साबित होगी. शनिवार को कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर, क्लब ग्राउण्ड, पीपल चौराहा स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया गया. उधर जनप्रतिनिधियों, पार्टी स्तर पर भी तैयारियां शुरु हो गई है. सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है.







# 600 स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन अटका

## कारण-सीएमएचओ की आईडी जनरेट नहीं हुई

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 19 जुलाई, का. जुलाई माह में मिलने वाला जिले भर के स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन अटक गया है. यह समस्या नवागत जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की आईडी जनरेट नहीं होने से निर्मित होना बताया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों को जुलाई में जून माह का वेतन दो-तीन तारीख में मिलना था किंतु 20 जुलाई तक वेतन खाते में नहीं पहुंचा है, इसके पीछे मुख्य कारण नवागत जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की आईडी जनरेट नहीं होना रहा है.

*नवागत जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की आईडी जनरेट होने में तकनीकि रुप से परेशानी आ रही है. जल्द आईडी जनरेट होते ही कर्मचारियों के वेतन का भुगतान हो जाएगा.*

**राम गोपाल नरेडा**
**एकाउंटेंट, जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### तकनीकी समस्या के कारण देरी हो रही

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आईडी जनरेट करवाने प्रयासरत है किंतु इसमें कोई तकनीकि समस्या बनी हुई है जिसके कारण आईडी जनरेट नहीं हो पा रही है. यही वजह है कि कर्मचारियों का वेतन रुका है.

### अतिरिक्त भार उठाना पड़ रहा

जिले भर के शासकीय अस्पतालों में स्थाई कर्मचारियों की संख्या करीब 600 बताई जाती है जिनका वेतन रुका है. कई कर्मचारियों के लोन व अन्य प्रकार की किशत जमा करना होती है, समय पर वेतन जमा नहीं होने से उन्हें पैनल्टी देना पड़ेगी. इस तरह अतिरिक्त आर्थिक वहन उठाना पड़ेगा. विदित है कि जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शोभा पटेल ने जून माह में प्रभार संभाला है.

### 21 को डाकघरों में नहीं होगा काम

**राजगढ़ 19 जुलाई, का.** भारतीय डाक विभाग में आईटी 2.0 एप्लीकेशन के रोलआउट के कारण जिले के सभी डाकघरों में 21 जुलाई को कोई काम नहीं होगा. यह एप्लीकेशन एक उन्नत प्रणाली है जिससे डाकघरों के उपभोक्ताओं को अपने कार्य शीघ्र निपटाने की सुविधा बढ़ेग. मुख्य डाकघर के पंकज शर्मा ने बताया कि इस नए सॉफ्तवेयर को रोलआउट में तीव्र सेवा वितरण

# किसान दिवस पर बैंक ऑफ इण्डिया ने बांटे डेढ़ करोड़ के लोन

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 19 जुलाई, सं.** स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 19 जुलाई को किसान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर शाखा प्रबंधक वीरेंद्र सिंह मीणा ने उपस्थित किसानों और अन्य बैंक उपभोक्ताओं को बताया कि उनके हितों के लिए शासन के निर्देशों ओर मंशा के अनुरुप बैंक द्वारा अनेक योजनाएं लागू है. लेकिन कुछ तो नियमो ओर जानकारी के अभाव में अपेक्षित लाभ आम लोगो ओर किसानों को नही मिल पा रहा है. वही सुविधाओ के उपभोक्ताओ द्वारा उचित क्रियान्वयन के अभाव में लाभ अल्प रह जाता है. इस मौके पर शाखा प्रबंधक मीणा द्वारा किसानों को 1.50 करोड़ के लोन वितरण भी किये गए. उन्होंने बैंक द्वारा एग्रीकल्चर मॉडगेज, गोल्डलोन, वाहन लोन ओर अन्य योजनाओ की जानकारी भी दी. कार्यक्रम में बैंक के के.एल.साहू, रोहित बोहट सहित गणमान्य नागरिक ओर किसान उपस्थित थे.



# नागरिक बैंक के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न, फूल मालाओं से स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 19 जुलाई, का. नागरिक सहकारी बैंक राजगढ़ में शनिवार को दोपहर 12 बजे बैंक चुनाव संपन्न हुए. निर्वाचन अधिकारी सहकारी बैंक बीएल यादव ने चुनाव संपन्न कराये.**

इस दौरान नागरिक बैंक के अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मुकेश नामदेव, अलका चौधरी की घोषणा की और प्रमाण पत्र दिए. इस दौरान जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि में रामबाबू गुप्ता, जिला प्रतिनिधि सहकारी संघ में राजेश शर्मा, संचालक मंडल में राकेश पांडे, महेश वर्मा, उत्तम शर्मा, ओमकार बक्श, श्रीमती सूरज वर्मा, रमेश मालवीय, अरुण सेठानी की निर्वाचन अधिकारी ने घोषणा की. इस दौरान बैंक महाप्रबंधक बृजेश व्यास मैनेजर राशिद खान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को



फूलमाला पहनकर स्वागत कर बधाई शुभकामनाएं दी.

### सिंगाजीधाम पर ध्वज चढ़ाया

**पड़ाना 19 जुलाई, सं.** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के सिंगाजी मित्र मंडल समिति श्रद्धालु सदस्यों का एक जत्था खंडवा जिले में स्थित सत पिपलिया गांव प्रसिद्ध संत सिंगाजी महाराज की तपोस्थली धाम के लिये शनिवार को पहुंचा. जहां श्रद्धालुओं द्वारा ध्वज ध्वज निशान चढ़ाकर भंडारे का आयोजन किया. इस मौके पर संजीव शर्मा, द्वारका प्रसाद, कवि योगेंद्र परमार, जगदीश यादव, प्रेम नारायण ड़ाबरा, नंदलाल परमार, आनंदी, चेतन टेलर, राम सिंह परमार, संजू जाट, अखिलेश शर्मा, मुकेश गुर्जर, कैलाश जाट इत्यादि उपस्थित थे.

### माईक्रो इरीगेशन से किसानों को जोड़ा जाए

**राजगढ़ 19 जुलाई, का.** कलेक्ट र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के अधिक से अधिक किसानों को माइक्रो इरीगेशन से जोड़ा जाए। इसके लिए जरूरी है कि उन्हेंज माइक्रो इरीगेशन पद्धतियों से होने वाले फायदों के प्रति जागरूक किया जाए. कलेक्टर ने कहा कि जिले का मैदानी कृषि अमला किसानों से अपना जीवंत जुड़ाव बनाए. साथ ही प्रत्येटक गांव में माईक्रो इरीगेशन की वर्तमान स्थिति एवं संभावनाओं की लाईन लिस्टिंग तैयार करे.

# वीर सैनिकों को पूर्व नपाध्यक्ष हाथों से राखियां बनाकर भेजती है

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 19 जुलाई, सं.** देश सुरक्षित रहे इसलिए देश की चारों दिशाओं की सीमाओं में भारतीय सेना के वीर सैनिक कड़कड़ाती सर्दी, भीषण गर्मी और बरसातों में डंटे रहते हैं. सैनिकों के सम्मान में देश का हरेक नागरिक नतमस्त रहता है और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए अपने-अपने स्तर पर क्रियाकलाप भी किए जाते हैं. पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी के द्वारा सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए अपने हाथों से राखियां बनाकर रक्षा मंत्रालय मुख्यालय नई दिल्ली स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी जाएगी. ताकि सैनिक भाइयों को मुख्यालय के माध्यम से 25-25 राखिंया चारों सीमाओं पर रक्षा सूत्र के साथ कुमकुम अक्षत प्राप्त हो. वह यह काम पिछले करीब 11 वर्षों से लगातार कर रही है. गौरतलब है कि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सादानी पूर्व में भी अपने कार्यकाल के दौरान 17 महीनों का वेतन 81 हजार 600 सैनिक परिवार कल्याण कोष में दान कर सैनिक परिवारों की आर्थिक तौर पर मदद कर चुकी है.



**अनदेखी** विभाग की उदासीनता, नागरिक कर रहे सड़क दुरस्त, मुख्य मार्गो पर उखड़ी सड़क, गड्ढों से आवागमन बाधित

# जब जिम्मेदार नहीं चेते तो लोगों ने खुद गड्ढे भरने शुरू कर दिए

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 19 जुलाई, का. अनदेखी और लापरवाही तथा संबंधित विभाग की उदासीनता के बाद अब नागरिक स्वयं उखड़ी सड़क, गड्ढो की मरम्मत करने लगे है ताकि आवागमन होने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके.**

विदित है कि नगर में मुख्य मार्गो पर हा रहे जानलेवा गड्ढे, उखड़ी सड़क के कारण लोगों का आना-जाना जोखिम भरा हो रहा है. इससे कहीं अधिक चिंता की बात यह है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी बनी हुई है. जिम्मेदारों ने आमजन की इस समस्या पर मौन साध रखा है. अधिकांश सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के तहत आती है. रस्ता देख आखिरकार अब नागरिक स्वयं आगे आकर उखड़ी सड़को की मरम्मत में जुट गये है.



### मटेरियल डाल रहे गड्ढो में

विभाग द्वारा जीर्णशीर्ण हो चुकी सड़को की मरम्मत की जाएगी ऐसी उम्मीद थी किंतु बारिश शुरु हुए काफी दिन गुजरने पर भी विभाग द्वारा इस और ध्यान नहीं देने पर आवागमन में हो रही परेशानी को दूर करने लोग उखड़े रोड एवं सड़को पर हो रहे गड्ढो में मटेरियल डालकर इनकी मरम्मत का कार्य करने लगे हुए है. राजगढ़ रोड पर कुछ जगह पर मटेरियल बिछाया गया है. **कांवड़यात्रा का मुख्य मार्ग**-इंदौर नाका के पुराने पुल के समीप विशालकाय गड्ढा होकर उसमें बारिश का पानी जमा है. दुपहिया वाहन चालक, पैदल राहगीर सड़क की साइड से बमुश्किल निकल पा रहे है. पानी भरा होने से कई वाहन चालक अनजाने में गड्ढे में जा पहुंचते है. लोग चोटिल हो रहे है. इसी रास्ते से होकर हरियाली अमावस्या को कांवड़यात्रा श्री अंजनीलाल धाम पहुंचेगी. जबकि रोजाना यहां से विभिन्न स्थानों पर जाने वाले कांवड़यात्री निकल रहे है जिन्हे उखड़े मार्ग के कारण काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. **आखिर कब चतेगा विभाग**-प्राय: वर्षाकाल के पूर्व सड़को की मरम्मत का कार्य कर लिया जाता है. उखड़ी सड़के, गड्ढो की मरम्मत की जाती है ताकि आवाजाही में दिक्कतों का सामना न करना पड़े. परन्तु नगर में सड़को की जो स्थिति है वह भयावह है. सड़के उखड़ी है. विशालकाय गड्ढे हो रहे है. इनमें बारिश का पानी भर जाने से दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है बावजूद इसके विभाग ने अभी तक इनकी सुध नहीं ली है. अहिंसा द्वार पुल के समीप, पुराना तहसील रोड जूना ब्यावरा, गुड़ चौराहा, राजगढ़ रोड, सिविल अस्पताल रोड, सुठालिया बायपास रोड, रेल्वे स्टेशन रोड सहित कई स्थानों पर सड़के बुरी तरह उखड़ने से दुर्घटना के हालात बने हुए है. **हालात जस के तस**- इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों द्वारा हर बार बस यही बात कही जाती है कि आज नहीं कल उखड़ी सड़क एवं गड्ढो की मरम्मत करवा दी जाएगी बस यही बात कहते हुए आश्वस्त किया जाता है किंतु आज दिनांक तक मरम्मत का कार्य नहीं किया गया इसका परिणाम यह है कि राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है.

# अभाविप की दो दर्जन सदस्यों की नवीन कार्यकारिणी घोषित

## नवनियुक्त सदस्यों को संगठन ने बधाई दी

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़, 19 जुलाई, का. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की राजगढ़ नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई. कार्यकारिणी की घोषणा परिषद् के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं नगर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में की गई, जिसमें कार्यकताओं में उत्साह और नई ऊर्जा देखने को मिली. इस अवसर पर संगठन के जिला संयोजक शुभम शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी.**



कार्यक्रम में विभाग संयोजक अमन व्यास, भाग संयोजक मनीष बना भी उपस्थित रहे. कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी साझा की गई, जिसमें सदस्यता अभियान एवं विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है. घोषित की गई नवीन कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष आराधना यादव, नगर मंत्री कुलदीप सिंगी सहित कपिल साहू, वंशिका दुगरिया, तुषार साहू, आकाश मेवाडे, पंकज गुर्जर, युवराज तोमर, दशरथ तंवर, राजेश दांगी, नितिज्ञ उरंकर, बुलबुल सेन, बुलबुल सेन, हर्ष गुर्जर, कान्हा दांगी, सोनू दांगी, दीपिका मेवाडे, अदनान खान, राजेश गुर्जर, बलराम मेवाडे, सुनील वर्मा आदि को नियुक्त किया है.